हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 25 जून 2026

04 सेफ क्लिक अभियान के तहत साइबर ठगी के ...




07 सुंदरकांड पाठ, गो-पूजन, असहाय सेवा और भोजन...





## खबर संक्षेप में

### नवागत उप संचालक ने पदभार संभाला




**नलखेड़ा।** जिले के नवागत उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग गोपेश पाठक द्वारा बुधवार को जिले में पहुंचकर उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आगर-मालवा का पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

### जिले में 17 से 26 जून तक चलाया जा रहा है नशा मुक्त भारत सप्ताह

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 17 से 26 जून तक "नशा मुक्त भारत सप्ताह" आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में अनेक नशामुक्ति संबंधी जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह के अंतर्गत जिले के स्कूल कॉलेजों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही जन जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस विशेष सप्ताह का समापन होगा। इस अवसर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली 26 जून को प्रातः 09 बजे आवासीय खेल परिसर से प्रारंभ होगी।

### जताखेड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलटा चावल से भरा ट्रक

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब जताखेड़ा के पास चावल से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ पर ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक में भरा भारी मात्रा में चावल और वाहन का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक जताखेड़ा के समीप पहुंचा, तभी अचानक चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो बैठा। रफ्तार अधिक होने के कारण ट्रक लहराया और सडक़ के बीचों-बीच पलट गया। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रक के पलटते ही उसके केबिन से चिंगारियां उठीं और कुछ ही सेकेंड में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहन चालक भी सहम गए और उन्होंने तुरंत अपने वाहन दूर रोक लिए। राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि जैसे ही ट्रक पलटा, चालक और क्लीनर ने बिना वक्त गंवाए केबिन से बाहर की तरफ छलांग लगा दी। दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन इसके कुछ ही मिनटों बाद पूरा ट्रक आग का गोला बन गया। ट्रक के अंदर और पीछे लोड किया गया लाखों रुपए का चावल आग की भेंट चढ़ गया। दूर-दूर तक काले धुएं का गुबार और आग की ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं। दमकल ने पाया आग पर काबू सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने तुरंत पानी की बौछारें शुरू कीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। तक ट्रक और उसमें रखा माल पूरी तरह नष्ट हो चुका।

## अधिकांश किसानों के अनुसार बोवनी लायक वर्षा हो चुकी

# झमाझम वर्षा के बाद नलखेड़ा नगर सहित क्षेत्र में बोवनी प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर सहित क्षेत्र में गत कई दिनों से हो रही वर्षा व मंगलवार को हुई एक घंटे की झमाझम वर्षा के बाद नगर सहित क्षेत्र में खरीफ फसल की बोवनी का कार्य बुधवार से प्रारंभ हो गया। वही तहसील के कुछ ग्रामों में जहाँ विगत दिनों अच्छी वर्षा हो गई थी बोवनी कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। नगर सहित आसपास के ग्रामों में मंगलवार हुई झमाझम वर्षा के बाद बुधवार को अधिकांश किसानों द्वारा खरीफ फसल की बोवनी प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार सुबह से प्रारम्भ हुई बोवनी दोपहर में फिर हुई वर्षा के कारण रोकना पड़ी है। किसानों के अनुसार बोवनी लायक वर्षा हो चुकी है, अब जैसे ही समय मिलेगा तेजी से बोवनी कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वही तहसील के ग्राम हिरणखेड़ी, मोल्याखेड़ी आदि में विगत दिनों अच्छी वर्षा हो जाने एवं दो से तीन बार नाले उफान पर आ जाने के बाद बोवनी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

### उमस के बाद हुई वर्षा

बुधवार को सुबह से वातावरण में तेज उमस थी, जिसके चलते नागरिक परेशान होते रहे। इस तेज उमस के बाद दोपहर में लगभग बीस मिनिट मध्यम वर्षा दर्ज की गई। इस वर्षा के बाद नागरिकों को उमस से राहत प्राप्त हुई। वर्षा थमने के बाद आसमान में बादल छाए रहे एवं ठंडी हवाएं चलने से मौसम में ठंडक भी घुल गई थी।

### लगभग 6 इंच हो चुकी वर्षा

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुवे 24 घंटे में तहसील में 19 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिसे मिलाकर इस वर्ष 01 जून से बुधवार प्रातः 8 बजे तक कुल 150 मिमी (5.90 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## भक्तों का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा

# प्रति मंगलवार को निकाल रहे हनुमान जी का झंडा अब बन गया उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में प्रति मंगलवार रात्रि को भजन मंडली द्वारा नगर में हनुमान जी का झंडा निकाला जा रहा है। यह निकलने वाला हनुमान जी का झंडा अब नगर में एक उत्सव का रूप ले चुका है।

चंद युवाओं द्वारा प्रारम्भ किये गए इस झंडे में शामिल होने वाले भक्तों का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर के गोविंदपुरा की संकटमोचन हनुमान मंडली द्वारा प्रत्येक मंगलवार को गोविंदपुरा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर से हनुमान जी का झंडा निकाला जा रहा है। हनुमान जी का यह झंडा गोविंदपुरा से शिवाजी मार्ग होते हुवे चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचता है जहाँ मंडली के सदस्य देर तक भजन कीर्तन करते है। इस दौरान भजन मंडली पर पुष्पों की वर्षा कर उनका स्वागत किया जाता है। इस दौरान छोटे छोटे बच्चें बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर वे भी भजनों को गाने के साथ साथ अपनी बाल मुद्राओं में आकर्षक नृत्य भी करते है। इस मौके पर चौक बाजार में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहते है। यहाँ से झंडा किला रोड़ होते हुवे पुनः संकटमोचन हनुमान मंदिर गोविंदपुरा पहुंचता है। सम्पूर्ण मार्ग पर मंडली के सदस्य झांझ, मजीरो, ढोलक पर भजन कीर्तन गाते व नाचते चलते है। इस दौरान मंडली के साथ अन्य भक्त भी जुड़ जाते है।

झंडा निकलने के दौरान नगर का माहौल पूर्ण रूप से धर्ममय दिखाई देने लगता है। लगभग दो वर्ष पूर्व भजन मंडली के चंद सदस्यों द्वारा प्रारम्भ किये गए इस हनुमान जी के झंडे में शामिल भक्तों का कारवां लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार रात्रि को निकले झंडे में बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे। जिनका उत्साह देखते ही बन रहा था। अब ऐसा प्रतीत होने लगा है कि हनुमान जी का यह झंडा नगर में एक उत्सव का रूप धारण कर चुका है। अब मंगलवार का इंतजार जहाँ झंडे में शामिल होने वाले भक्तों को रहता है वही झंडे का स्वागत करने वाले भी विशेष व्यवस्थाएं कर इंतजार करने लगे है। मंगलवार को निकले झंडे का जहाँ मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया वही पंचमुखी हनुमान मंदिर पर स्वागत पश्च्यात अल्पाहार भी करवाया गया।

# राज्य मंत्री राधासिंह ने मां के दरबार में दर्शन पूजन कर हवन अनुष्ठान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधासिंह बुधवार को विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंची जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन कर विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। बुधवार को प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधासिंह सपरिवार माँ बगलामुखी मंदिर पहुंची। राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने सपिरवार विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ माँ बगलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। राज्य मंत्री श्रीमती सिंह द्वारा मंदिर परिसर में



स्थित यज्ञशाला में सपरिवार विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। हवन अनुष्ठान पंडित मनोज शर्मा एवं उनके सहयोगियों द्वारा करवाया गया।

## केंद्र की एडीप एवं राष्ट्रीयवयोश्री योजना में शिविर आयोजित किया गया

# दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के शिविर में 135 का पंजीयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा भारत सरकार की एडीप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत बुधवार को जनपद पंचायत सुसनेर के तत्वावधान में तहसील रोड स्थित आजीविका मिशन भवन में विशेष चिन्हांकन एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीयन एवं चिन्हांकन की कार्यवाही की गई। शिविर में जिला चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के शाखा प्रभारी नीलेश झासिया ने बताया कि शिविर में 135 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। पात्र हितग्राहियों के लिए कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, कैलीपर सहित अन्य सहायक उपकरणों हेतु चिन्हांकन किया गया। आवश्यकता अनुसार कुछ हितग्राहियों को कृत्रिम अंग भी प्रदान किए गए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भारत विजयपुरिया ने बताया कि चिन्हांकित हितग्राहियों को आगामी चरण में आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। शिविर में नगर परिषद सोयत से धीरज भावसार, पेंशन शाखा प्रभारी अक्षय गुहाटिया, शिविर प्रभारी रामलाल भैरवे, सामुदायिक संघटक जगदीश परमार, मुकेश माली, आकिब खान सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए अंतिम चिन्हांकन शिविर आज

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु संचालित चिन्हांकन शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत अंतिम शिविर का आयोजन 25 जून, गुरुवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा में किया जाएगा। शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग निलेश झासिया ने बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों का पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण, चिन्हांकन एवं आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों हेतु प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। साथ ही जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड से संबंधित कार्रवाई भी की जाएगी।

# लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत का लाभ लें: अश्विनी सिंह



**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डी एस चौहान के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम पंचायत पालखेड़ी में लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा अश्विनी सिंह, विशेष अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आगर मालवा प्रियंका चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी आगर मालवा फारूक अहमद सिद्दीकी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पोक्सो अधिनियम की जानकारी देने के साथ ही जिला न्यायालय आगर मालवा में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोकोपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों जैसे यातायात सेवा, डाक सेवा व टेलीफोन सेवा, सार्वजनिक स्वच्छता एवं मल प्रवहन सेवा, बिजली एवं पानी प्रदाय सेवा, अस्पताल सेवा, शैक्षणिक सेवा, भू संपदा सेवा आदि को बिना किसी खर्च के जिला न्यायालय आगर मालवा में स्थापित खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। श्रीमती अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा ने ग्रामीणजन से लोकोपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पालखेड़ी सरपंच गोवर्धन सिंह चौहान सहित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर सीएमओ का सख्त रवैया

**सीहोर।** अतिक्रमण हटाने निकली नगर पालिका की टीम के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे एक जूते-चप्पल की दुकान के बाहर सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को देखकर सख्त नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं। सीएमओ की सख्ती के बाद दुकानदार ने तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया।

## भगवान महेश नवमी पर्व पर निकाला चल समारोह

**सीहोर।** मंगलवार को माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा अपने आराध्य देव भगवान महेश महेश्वरीयों का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व पर महेश्वरी मांगलिक भवन से भव्य समारोह निकला भव्य चल समारोह निकाला जिसमें भगवान महेश बग्गी पर सवार थे। चलसमारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए महेश्वरी मांगलिक भवन पहुंचे, जहां भगवान महेश का अभिषेक पूजन अर्चन कर आरती एवं प्रसाद वितरित किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज के महिला वर्ग पीले वस्त्र धारण किए एवं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र धारण किए शामिल रहे ।

## सीताराम यादव भी रहेंगे प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य

# जिले से शिवराज सिंह, जसपाल अरोरा रघुनाथ भाटी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश कार्यसमिति समिति एवं स्थाई आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की गई है। इसमें सीहोर जिले से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी को भी शामिल किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति में संभाग, जिला प्रभारी भी आमंत्रित सदस्य रहेंगे।

इसमें सीहोर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग सीताराम यादव जो वर्तमान में विदिशा जिले के प्रभारी हैं वे भी सूची में शामिल हैं। सूची में 106 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं तो वहीं 41 स्थाई



आमंत्रित सदस्य शामिल है।

### जसपाल सिंह अरोरा को मिली बधाई, शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा जारी सूची में श्री अरोरा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। श्री अरोरा का लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है एवं वे संगठन के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा सीहोर में सिख समुदाय का बड़ा राजनीतिक चेहरा भी हैं। उनकी इस नियुक्ति पर सीहोर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, वरिष्ठ नेता सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ सिंह भाटी सहित जिले के नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित उनके मित्र मंडल ने बधाई, शुभकामनाएं दी हैं। श्री अरोरा को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल करने पर उन्होंने एवं अरोरा मित्र मंडल व समर्थकों ने केंद्रीय एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम मंदिर में भजनों की प्रस्तुति आज

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार, 25 जून को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार, प्रसिद्ध भजन गायक नारायण योगी अपने साथियों के साथ रात 8 बजे से श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे। समिति ने बताया कि शाम 6 बजे से पवित्र ज्योत दर्शन प्रारंभ होंगे। इस अवसर पर बाबा खाटू नरेश को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर परिसर में बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया है तथा फूलों और आम के पत्तों से आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया है। बाबा खाटू श्याम की महाआरती शाम 7.30 बजे संपन्न होगी। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर बाबा खाटू नरेश के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### श्री श्याम हरिहर धाम में निर्जला एकादशी पर बहेगी भक्ति की गंगा

**देवास।** गंगानगर केला देवी स्थित शहर के नवनिर्मित श्री श्याम हरिहर धाम में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर 25 जून को भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष दयाशंकर यादव एवं सचिव दिलीप शर्मा ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात यह मंदिर का प्रथम एकादशी पर्व है, जिसे विशेष धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। निर्जला एकादशी के अवसर पर मंदिर में खाटू श्याम जी का भव्य एवं आकर्षक फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही रामलला सरकार का भी विशेष पुष्प श्रृंगार होगा। बाबा की पावन ज्योत प्रज्वलित की जाएगी तथा श्रद्धालुओं के लिए छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। शाम 7:30 बजे भव्य महारती के पश्चात भजन संध्या एवं श्याम कीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायिका अदिति तावडिय़ा (इंदौर) एवं शुभम मंत्रखेड़े अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

### सेफ क्लिक-2.0 अभियान शुरू, 15 दिनों तक चलेगा साइबर जागरूकता अभियान

# सेफ क्लिक अभियान के तहत साइबर ठगी के बाद 710 लोगों को लौटाए 3.06 करोड़

**बढ़ते साइबर अपराधों मामलों पर रोकथाम लगाने, आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने शुरू हुआ साइबर जागरूकता अभियान**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर प्रभावी रोकथाम और आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी साइबर जागरूकता अभियान ₹सेफ क्लिक-2.0₹ का शुभारंभ 24 जून से किया गया है। यह अभियान 8 जुलाई 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, त्वरित रिपोर्टिंग और डिजिटल सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी जाएगी।वर्तमान समय में ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाएं, ओटीपी और केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया ठगी, साइबर बुलिंग तथा अन्य साइबर अपराधों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

ऐसे में आमजन को जागरूक करना ही इन अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम माना जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए देवास पुलिस ने जिले के प्रत्येक नागरिक तक साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की है।अभियान के दौरान जिले के स्कूलों, कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों, बैंकों, पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों, बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरूकता कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों, महिलाओं, ग्रामीणों, व्यापारियों तथा शासकीय कर्मचारियों को अलग-अलग सत्रों के माध्यम से साइबर अपराधों की जानकारी और उनसे बचाव के उपाय बताए जाएंगे।अभियान के दौरान स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित कर विद्यार्थियों को साइबर हाइजीन, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल व्यवहार की जानकारी दी जाएगी।

छात्रों से साइबर सुरक्षा शपथ भी दिलाई जाएगी तथा साइबर सुरक्षा विषय पर क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।साथ ही बैंकों, एटीएम, डाकघरों और सीएससी केंद्रों में डिजिटल अरेस्ट, केवाईसी, ओटीपी, यूपीआई और निवेश संबंधी धोखाधड़ी के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं महिला एवं बाल सुरक्षा दिवस के अंतर्गत महिला महाविद्यालयों, महिला समूहों और आंगनबाड़ी केंद्रों में साइबर बुलिंग, मॉर्फिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा ऑनलाइन शोषण से बचाव संबंधी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर चौपाल आयोजित कर सरपंच, सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा साइबर सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जाएगी। प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली, साइबर रन, मैराथन और साइबर मेले का आयोजन भी किया जाएगा। स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से वीडियो और पॉडकास्ट जारी कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में चलाए गए ₹सेफ क्लिक₹ अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए थे। अभियान के बाद जिले में साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

जहां पहले औसतन 54 शिकायतें प्रति माह प्राप्त होती थीं, वहीं अभियान के बाद यह संख्या बढ़कर 150 से 200 शिकायत प्रति माह तक पहुंच गई। यह इस बात का प्रमाण है कि लोगों ने साइबर ठगी की घटनाओं की जानकारी तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर देना प्रारंभ कर दिया।समय पर शिकायत प्राप्त होने पर जिले के प्रशिक्षित साइबर मित्रों और साइबर पुलिस दल द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप साइबर ठगी में गंवाई गई 3.06 करोड़ रुपए की राशि 710 नागरिकों को वापस दिलाई जा सकी। इसके अलावा 230 नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य साइबर धोखाधड़ी के मामलों से सुरक्षित बचाया गया।

# जर्जर पुल बना हादसों का कारण, फिर हुई टक्कर

**ग्रामीणों ने बचाई चालक की जान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

इंदौर-बैतूल हाईवे मार्ग पर ग्राम मोखाप्पिल्या स्थित काली सिंध नदी का पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है, लेकिन इसके सुधार की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पुल की खराब स्थिति के कारण यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।बताया जाता है कि अंग्रेजों के जमाने में बना यह पुल अब अपनी उम्र पूरी कर चुका है।

पुल की संकरी संरचना और जर्जर हालत के चलते यहां कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर चुके हैं। क्षेत्रीय नागरिकों और मीडिया द्वारा कई बार प्रशासन को पुल की बदहाली से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक न तो पुल का जीर्णोद्धार किया गया और न ही किसी वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान दिया गया।इसी क्रम में बुधवार दोपहर एक बार फिर पुल पर बड़ा हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार काली सिंध पुल पर एक ट्रक और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहन पुल पार कर रहे थे, लेकिन दूरी का सही आकलन नहीं कर पाने के कारण बीच पुल पर ही भिड़ंत हो गई। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया और वह वाहन में फंस गया।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

ग्राम सरपंच जितेंद्र सिंह दरबार ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।हादसे के बाद पुल पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे नदी के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुल से हटाया गया, जिसके बाद आवागमन सुचारु हो सका। इस दौरान लगभग एक घंटे तक पुल पर यातायात प्रभावित रहा।

### श्री नवपुण्य वासुपूज्य स्वामीजी जिनालय प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर होंगे आयोजन

**देवास।** पंचशील नगर स्थित चंपापुरी धाम में विराजित भगवान श्री नवपुण्य वासुपूज्य स्वामीजी के जिनालय की प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 25 एवं 26 जून 2026 को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष महापूजा,फूल बंगला, नवकारसी, मंगलमय अनुष्ठान एवं भक्ति प्रस्तुतियों का आयोजन रखा गया है।आयोजन की जानकारी देते हुए जैन परिवार (कायथा वाला) ने बताया कि प्रथम वर्षगांठ समारोह में पूज्य आगमोद्धारक श्री की समुदायवर्तिनी मातृ हृदया प.पू. साध्वी अमितगुणाश्रीजी म.सा. की शिष्या प.पू. साध्वी अमिपूर्णाश्रीजी म.सा., साध्वी अमिदर्शाश्रीजी म.सा., साध्वी शुचिप्रज्ञाश्रीजी म.सा., साध्वी सम्यकदर्शना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 16 साध्वी मंडल की पावन निश्रा प्राप्त होगी।उन्होंने बताया कि 25 जून को शाम 7:30 बजे अद्वितीय महापूजा, आकर्षक फूल बंगला, 1008 दीपकों की सज्जा एवं समवशरण की रचना की जाएगी। वहीं प्रभु भक्ति की संगीतमय प्रस्तुति युवा संगीतकार श्री चिराग जैन द्वारा दी जाएगी।इसी क्रम में 26 जून सुबह 8 बजे नवकारसी तथा सुबह 9 बजे श्रीफल एवं कमल पुष्पों से मंगलमय अनुष्ठान का आयोजन होगा। आयोजन स्थल चंपापुरी धाम, पंचशील नगर, देवास रहेगा। आयोजकों ने समाजजनों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### बावड़ी उत्सव के तहत दीपोत्सव व वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**देवास।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम में स्थित शैलेश दुबे के खेत की बावड़ी पर बावड़ी उत्सव, दीपोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा शर्मा ने की। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से नीरज द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों एवं महिलाओं को जल संरक्षण, बावडिय़ों के महत्व तथा पर्यावरण संवर्धन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान बावड़ी पर दीप प्रज्ज्वलित कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पुष्पा सोनी, संजना गुर्जर, आशा नागौरी, ममता दीदी, रेखा दीदी, ज्योति व्यास सिंधु दुबे, ज्योति राव एवं दीपक राव दीपक सोनेर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विक्रम शर्मा द्वारा किया गया। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के संदेश के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।



# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में हिन्द फौज ने आयोजित की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, देवास में हिन्द फौज द्वारा भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ओलंपिक की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। हिन्द फौज के कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास की पम्मी मैम, जिला सांख्यिकी विभाग अधिकारी अर्चना टोकेकर तथा निशा यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सभी महिला अधिकारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर भाला फेंक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ अधिकारियों को मैदान में सक्रिय देखकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर हिन्द फौज के कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने कहा कि, ₹जब मां-बहनें स्वयं मैदान में उतरेंगी, तभी बेटियां ओलंपिक का सपना देखेंगी। हिन्द फौज का लक्ष्य देवास की मिट्टी से ओलंपिक पदक विजेता तैयार करना है।₹ कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास से जावेद पठान, जिला पेरा एथलेटिक्स एसोसिएशन की उपाध्यक्ष नालिनी कलेलकर, हिन्द फौज के संचालक कुमेर सिंह वर्मा, शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, संचालक सुरेश शर्मा, दीपिका बोरीवाल, रक्तदान संचालक सीमा गिरी, विकास गिरी, एथलेटिक प्रशिक्षक एवं संचालक ताशीन शेख, एथलेटिक संचालक सृजनिका लोखंडे, अजय दायमा एवं आरती दायमा सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं, खेल प्रेमी एवं हिन्द फौज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रीना पटेल ने किया।

# सद्भावना, सौहार्द्र के साथ मोहर्रम पर निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



नगर परंपरा अनुसार नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी बागली द्वारा नूरी मस्जिद परिसर में सबसे पहले नगर के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, अभिभाषक, पत्रकार, समाजसेवी का आत्मीय अभिनंदन किया गया। उसके उपरांत जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर मस्जिद परिसर पहुंचा। सामूहिक प्रेम, स्नेह और सौहार्द्र के साथ नगर में मनाए जाने वाले हर उत्सव की तरह मोहर्रम भी सबकी सहभागिता से संपन्न होता है। ईनाणी चौराहे पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भाई विपिन शिवहरे तथा मित्र मंडल द्वारा दूध का शरबत वितरण कर मुस्लिम जनों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय तरानों की धून और शहीदाने कर्बला हज़रत इमाम हुसैन की शहादत के नग्मो से इन्दौर से आए बैंड ने देर रात तक समा बांधा। सदर फिरोज खान द्वारा नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी बागली की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया।नगर व देश में अमन-चैन कायम रहे तथा सभी सद्भावना के साथ जिंदगी व्यतीत करते हुए राष्ट्र की प्रगति के लिए समर्पित रहे यह दुआ की गई। 25 जून को कत्ल की रात और 26 जून को यौमे आशूरा मनाया जाएगा।पुलिस और प्रशासन का भी हृदय से आभार व्यक्त किया गया। हज़रत इमाम हुसैन की शहादत इंसानियत और मानवता के लिए रही है और आज समाज,देश और दुनिया में इसकी जरूरत है। सरसो उंगाकर कर हरा-भरा ताजिया बनाने वाले इकबाल शाह ने इंसानियत और मानवता के संदेश और हरियाली के आह्वान के साथ इस ताजिये का निर्माण कर देश और दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी है। शाह को इस तरह के ताजिया निर्माण की प्रेरणा अपने मुम्बई बाजार इन्दौर निवासी नाना से मिली है। प्रकृति, संस्कृति और धर्म के समन्वय के साथ इंसानियत और मानवता के लिए निर्मित ताजिया आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### जिला जेल में आयोजित श्रीराम कथा में बंदियों ने उत्साहपूर्वक किया भजन कीर्तन

# सात दिवसीय कथा के दौरान जेल के बीच गूंजा राम नाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिला जेल देवास में बंदियों के नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय ₹मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा₹ पर आधारित भव्य श्रीराम कथा का बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हुआ।

कथा का आयोजन 18 जून से 24 जून 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जिला जेल परिसर में किया गया। प्रख्यात कथा वाचक पंडित राजकुमार शर्मा ₹रामजी महाराज₹ ने सात दिनों तक भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा, सेवा, करुणा एवं धर्म के संदेशों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति को सत्य, सदाचार, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की प्रेरणा देता है।

समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें जेल प्रशासन, स्टाफ एवं बंदियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। पूरे जेल परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बंदियों ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कथा के दौरान प्राप्त आध्यात्मिक संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि, ₹जेल केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार और आत्मचिंतन का केंद्र है।

श्रीराम कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों से बंदियों में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता का संदेश देता है। हमें विश्वास है कि इस कथा से प्राप्त प्रेरणा बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होगी। भविष्य में भी जेल प्रशासन द्वारा ऐसे नवाचार एवं सुधारात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।₹ कथा आयोजन में मयूर राठौर एवं जयदीप तिवारी मित्र मंडल का विशेष सहयोग रहा।

आयोजित हुए सात दिवसीय कथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला जेल देवास के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में आयोजकों एवं जेल प्रशासन द्वारा कथा वाचक पंडित राजकुमार शर्मा ₹रामजी महाराज₹ का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## अधूरी पुलिया का वैकल्पिक मार्ग बारिश के कारण दलदल बना, कई वाहन फंसे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के मेढक़ी रोड स्थित चंदाना क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया का कार्य अधूरा होने के कारण बारिश के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को हुई बारिश के बाद पुलिया निर्माण के चलते बनाए गए वैकल्पिक मार्ग पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन गई, जिससे कई वाहन फंस गए और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिया निर्माण कार्य के कारण आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। बुधवार को हुई बारिश के बाद इस मार्ग पर बड़ी मात्रा में कीचड़ जमा हो गया। सडक़ की सतह कमजोर होने से मार्ग दलदल में तब्दील हो गया और वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई। बारिश के दौरान एक यात्री बस जब इस वैकल्पिक मार्ग से गुजर रही थी, तभी वह कीचड़ में धंस गई। बस को निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन पहिए लगातार फिसलने लगे। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन पुलिया का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। साथ ही वैकल्पिक मार्ग को भी सुरक्षित और मजबूत बनाया जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े और किसी बड़े हादसे की आशंका न रहे।

**खबर संक्षेप**

### छात्रों को विधिक कानून फॉरेंसिक साइंस व नए कानून की जानकारी दी

**ललितपुर ।** कानून के छात्रों के लिए फॉरेंसिक साइंस और नए आपराधिक कानूनों पर विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत ने छात्रों को बताया कि कोर्ट रूम में किसी भी आरोपी को सजा दिलाने या बेगुनाह को बचाने में कैसे फॉरेंसिक साक्ष्य सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञ डॉ. अंजली अग्रवाल ने छात्रों को फॉरेंसिक साइंस और नए आपराधिक कानूनों की बारीकियों से रूबरू कराया। क्राइम सीन पर साक्ष्यों की सुरक्षा छात्रों को सिखाया गया कि अपराध स्थल से बाल, खून के धब्बे और उंगलियों के निशान कलेक्ट करते समय 'चेन ऑफ कस्टडी' का पालन कैसे किया जाता है, ताकि अदालत में सबूतों की विश्वसनीयता अटूट रहे। फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी जहरखुरानी, हत्या और दुर्घटना के मामलों में पोस्टमार्टम और बिसरा जांच रिपोर्ट का विश्लेषण करना सिखाया गया, ताकि छात्र कोर्ट रूम में सटीक तकनीकी तर्क रख सकें। अंत में चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल वैभव कुमार ने विधि के विद्यार्थी को बी एन एस एस/बी एन एस के तहत साक्ष्यों की अनिवार्यता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए प्रावधानों के तहत अब गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक जांच को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके कानूनी और तकनीकी पक्षों पर छात्रों का विशेष मार्गदर्शन किया। इस प्रशिक्षण के बाद अब ये भावी वकील अदालतों में फॉरेंसिक रिपोर्ट का सटीक विश्लेषण कर न्याय प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बना सकेंगे।

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के पत्र सौंपे

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को अनुकंपा नियुक्ति के दो प्रकरणों में संबंधितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कलेक्टर ने आंचल दुबे पुत्री स्व. श्रीराम दुबे निवासी चन्देरी रोड वार्ड न.01 मुंगावली जिला अशोकनगर को राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड-03 के पद पर तथा अजय रैकवार पुत्र स्व. रामकिशन रैकवार निवासी वार्ड नं.15 हाटकापुरा चन्देरी जिला अशोकनगर को कर्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र सौंपे।

कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# राम मंदिर दान प्रकरण की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता एवं चोरी के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। ऐसे पवित्र स्थल से जुड़े किसी भी प्रकार के कथित घोटाले या चोरी की खबरें देशभर के राम भक्तों की भावनाओं को आहत करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं के आरोप सामने आए हैं तो उनकी पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराना आवश्यक है, ताकि लोगों का विश्वास बना रहे। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज न होने से जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि किसी भी गंभीर मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत प्राथमिकी दर्ज होना आवश्यक है, जिससे जांच निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ सके। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, कुलदीप पाठक, राजपाल सिंह, संजय कुमार जैन, रामभरोसे, महेश चंद्र, मकरंद किलेदार, पुनीत देवलिया, राकेश रजक, शिशुपाल लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनएच-44 पर भीषण हादसा

## ब्रेक लगाने से ट्रकों की टक्कर चालक के पैर में तीन फ्रैक्चर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बिरधा पुलिस चौकी के समीप सोमवार दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। झांसी से नागपुर की ओर जा रहे एक ट्रक के सामने चल रहे वाहन चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक कर अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के जिला मेवात (नूंह) अंतर्गत तावडू निवासी ईसब पुत्र कमरुद्दीन ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र तोहीद ट्रक चालक है। 22 जून को वह ट्रक संख्या एन.एल.-01 ए.जी. 5691 लेकर झांसी से नागपुर की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 12 बजे जब उसका वाहन बिरधा एनएच-44 पुलिस चौकी के निकट पहुंचा, तभी सामने चल रहे ट्रक संख्या यू.पी.-53 डी.टी. 8772 के चालक ने अचानक ओवरटेक कर वाहन के आगे तेज ब्रेक लगा दी। अचानक सामने आए इस खतरे से तोहीद को संभलने का मौका नहीं मिला और उसका ट्रक आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को काफी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार झांसी में कोई परिचित न होने के कारण घायल की समुचित देखभाल में कठिनाई हो रही थी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन वहां पहुंचे और बाद में बेहतर उपचार के लिए उसे हरियाणा के नूंह ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है। आरोप है कि सामने चल रहे ट्रक चालक की लापरवाही और अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह दुर्घटना हुई। चालक सावधानी बरतता तो गंभीर हादसा टाला जा सकता था।

तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## पढ़ाई कर रहे छात्रों को पड़ोसियों ने डंडों से पीटकर जान से मारने की धमकी दी

गालियों की आवाज सुनकर जब वे लोग घर से बाहर निकले और आरोपियों को ऐसा करने से मना किया, तो तीनों युवक भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के लेडियापुरा मोहल्ले में घर पर पढ़ाई कर रहे छात्रों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस के तीन युवकों ने घर के बाहर आकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर छात्रों को लाठी-डंडों एवं लात-घूंसों से पीट दिया। घटना में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेडियापुरा (आजादपुरा द्वितीय) निवासी रोमेश निरंजन पुत्र हीरालाल निरंजन सोमवार रात करीब 10.40 बजे अपने चचेरे भाइयों धर्मेंद्र पुत्र इंद्रपाल तथा सोमेश पुत्र रघुवीर के साथ घर पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। तभी मोहल्ले के ही रहने वाले मनोज यादव, बल्लू यादव और नरेश यादव उनके घर के बाहर पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। गालियों की आवाज सुनकर जब वे लोग घर से बाहर निकले और आरोपियों को ऐसा करने से मना किया, तो तीनों युवक भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में रोमेश और उसके चचेरे भाई धर्मेंद्र को चोटें आईं। मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते उन्होंने दोबारा शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। छात्र कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है। आरोपी मनोज यादव, बल्लू यादव और नरेश यादव के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बिरधा चौकी अंतर्गत खड़ेरा में घर में घुसकर परिवार पर हमला

## पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने महिला के सिर पर रॉड से वार किया बच्चों समेत चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र की बिरधा चौकी अंतर्गत ग्राम खड़ेरा में मंगलवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के दो युवक घर में घुस आए और गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला, उसके बेटे तथा दो मासूम बच्चों पर लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दिया। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम खड़ेरा निवासी जानकी पत्नी स्वर्गीय कुंजन लाल मंगलवार सुबह करीब 9:40 बजे अपने नाती-पोतों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही राजकुमार उर्फ राजू पुत्र गणेश प्रसाद तथा रविकांत पुत्र स्वर्गीय पूरन लाल उर्फ पुन्ना उनके घर पहुंचे और किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे। विवाद के दौरान आरोपियों ने घर में मौजूद छोटे बच्चों के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। जब जानकी ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि राजकुमार उर्फ राजू ने लोहे की रॉड उठाकर जानकी के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जानकी के 12 वर्षीय नाती निखिल, 8 वर्षीय नातिनी तनिष्का तथा उनके पुत्र सुरेश कुमार (36 वर्ष) भी घायल हो गए। परिजनों के अनुसार आरोपियों ने किसी को भी नहीं बख्शा और रॉड तथा अन्य वस्तुओं से हमला कर पूरे परिवार में दहशत फैला दी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल परिवार पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए घायलों को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। जानकी की तहरीर के आधार पर आरोपी राजकुमार उर्फ राजू और रविकांत के खिलाफ तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### तालबेहट पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया

जिले में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्र के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने ग्राम भरतपुरा से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम भरतपुरा निवासी फूलवती पत्नी श्यामलाल, हिना पत्नी रज्जन तथा हरचरन पुत्र श्यामलाल शामिल हैं। पुलिस ने तीनों वारंटियों को 24 जून को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संपन्न की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं न्यायालय से जारी वारंटों के तामील हेतु अभियान लगातार जारी रहेगा तथा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व नपाध्यक्ष कीर्तिशेष सरला जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की श्रृंखला

## सुंदरकांड पाठ, गो-पूजन, असहाय सेवा और भोजन वितरण कर स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. सरला जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को नगर में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, नगरवासियों तथा पालिका परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया। शुरुआत सदर कोतवाली के सामने स्थित रैन बसेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा से हुई। यहां सुबह 10 बजे श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने सहभागिता की। तदोपरांत दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में गौ-पूजन कार्यक्रम नपाध्यक्ष सोनाली जैन, विवेक जैन, मुन्नालाल जैन एवं उनके परिजनों ने गौवंश पूजन व पौधरोपण के साथ किया। शाम को पनारी स्थित मदर टेरेसा होम में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई। इसके पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा सेवा संघ में भोजन वितरण किया। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र, पूर्व विधायक पूरन सिंह बुन्देला, चन्द्रभूषण सिंह बुन्देला गुड्डू राजा, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, प्रदीप चैबे, जगदीश लोधी, हरीराम निरंजन, अजय पटैरिया, बब्बू राजा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गौरव, अमरसिंह गौर, लक्ष्मी, रूचिका, रजनी साहू, रजनी अहिरवार, मानविंदर कौर, गौरव चौधरी, धर्मेन्द्र पाठक, अनिल अंचल, प्रदीप खैरा, डा.अक्षय टडैया, कैलाश नारायण डियोडिया, विलास पटैरिया, मनमोहन जड़िया, हरीश कपूर टीटू, अज्जू बाबा, नीतेश संज्ञा, वीरेन्द्र सिंह, डा.एस.पी.पाठक, डा.पवन सूद, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पवन सिंह, गजेन्द्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, अविनाश जैन, राजेन्द्र जैन, काशीनाथ नायक, संतोष तिवारी, अनुराग शैलू, अजय बरया आदि मौजूद रहे।

शराबी दबंगों का चौबयाना में तांडव, चार पर मुकदमा दर्ज

## युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया बीच-बचाव करने वाली मां से भी मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के चौबयाना मोहल्ले में सोमवार रात दबंगों द्वारा घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत चार युवक घर पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौबयाना निवासी राज सैनी पुत्र स्व. सुदामा प्रसाद सोमवार रात करीब 10 बजे अपने घर पर मौजूद थे। तभी लक्ष्मीपुरा निवासी मूक्कू राजा, शिवान्स राजा चौहान, दुशु सिंह जादौन तथा उनका एक अज्ञात साथी कथित रूप से शराब के नशे में वहां पहुंच गए। आरोप है कि आते ही सभी ने राज सैनी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपी उग्र हो गए और लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पीछे से उनके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। रॉड लगने से उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान घर में चीख-पुकार मच गई। बेटे को घायल देख उसकी मां रामकली बचाने के लिए आगे आईं, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। आरोप है कि जाते-जाते दबंग पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन घायल राज सैनी को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी गई।

विश्व योग दिवस पर प्रशांति विद्या मंदिर में योग एवं पर्यावरण संगोष्ठी आयोजित की गई

# स्वस्थ समाज के लिए योग और पर्यावरण संरक्षण आवश्यक : सार्थक सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी नगर स्थित प्रशांति विद्या मंदिर में योग एवं पर्यावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं काव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ए.के. श्रीवास्तव रहे, जबकि अध्यक्षता अशोक स्वामी ने की। वक्ताओं ने कहा कि योग और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि मानव को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीना है तो उसे नियमित योगाभ्यास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर योग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं तथा विद्यालयों में भी बच्चों को इन दोनों विषयों की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में युवा वक्ताओं ने अंग्रेजी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए योग और पर्यावरण के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की। सार्थक सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग और पर्यावरण दोनों मानव जीवन के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। योग जहां शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, वहीं स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण जीवन के अस्तित्व की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता जैसे कार्यों में सहभागिता निभाएं, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सकता है। महिमा पराशर ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। योग हमें अनुशासन, संयम और मानसिक शांति का मार्ग दिखाता है, जबकि पर्यावरण संरक्षण हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच योग और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ही मानव समाज को संतुलित एवं सुखी बना सकती है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने योग के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक दिशा देने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और सकारात्मक सोच मिलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे साहित्यकार जहीर ललितपुरी ने अपने संबोधन में इस्लाम में योग की उपयोगिता का सुंदर एवं तथ्यपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि योग के अनेक सिद्धांत मानव कल्याण, आत्मानुशासन, संयम और मानसिक शांति की भावना से जुड़े हैं, जो विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के मूल मानवीय मूल्यों से सामंजस्य स्थापित करते हैं। उनके विचारों को उपस्थित जनों ने सराहा। इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक कृतियों के सृजन हेतु जहीर ललितपुरी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने योग, प्रकृति और मानवीय मूल्यों पर आधारित सार्थक रचनाओं का पाठ कर वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में अनुराग चतुर्वेदी, एड.पुष्पेंद्र चौहान, अखिलेश शांडिल्य, पंकज अंगार, राजीव चौबे, अरमान, विजय श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सार्थक सक्सेना, महिमा पराशर, रश्मि सक्सेना एवं ऊषा सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अजय श्रीवास्तव ने किया तथा अंत में डा.प्रबल सक्सेना ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधारोपण

सारंगपुर। भारतीय जनसंघ संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं देश की एकता-अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गुलावता मंडल के ग्राम बिलोदा पाल स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी, तथा उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर "एक पौधा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम" अभियान के तहत मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए महत्वपूर्ण संघर्ष किया। उनके विचार आज भी युवाओं और समाज को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया।

### अनियमितताओं और तकनीकी मानकों की अनदेखी की शिकायत

# रेलवे अंडरब्रिज की सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप, गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



गुना-मक्सी रेलखंड अंतर्गत रेलवे अंडरब्रिज क्रमांक 158, जो सारंगपुर को पाडल्यामाता मार्ग से जोड़ता है, वहां चल रहे सड़क नवीनीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं और तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, अंडरब्रिज के नीचे बनी सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे तथा कई स्थानों पर लोहे के सरिए बाहर निकल आए थे, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने लगातार रेल प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की थी।

रेलवे द्वारा 16 जून को एसडीएम, थाना प्रभारी एवं सीएमओ सारंगपुर को पत्र भेजकर सड़क के नवीनीकरण हेतु 10 दिनों के लिए मार्ग बंद करने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया, लेकिन कई दिनों तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। मामले की जानकारी रेल मंडल भोपाल के जनसंपर्क अधिकारी को दिए जाने के बाद 23 जून से कार्य प्रारंभ हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। क्रांक्रीट सड़क निर्माण के दौरान प्लास्टिक शीट बिछाने, मिक्सर मशीन से गुणवत्तापूर्ण मिश्रण तैयार करने तथा वाइब्रेटर के उपयोग जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं नजर नहीं आईं। वहीं निर्माण स्थल पर संबंधित विभागीय इंजीनियर की उपस्थिति भी नहीं देखी गई। निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे एक व्यक्ति ने स्वयं को मीडिया कर्मी बताते हुए सड़क निर्माण की जिम्मेदारी भी स्वीकार की और अधिक जानकारी के लिए इंजीनियर से संपर्क करने की बात कही।

#### मामले की जांच करवाता हूं...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है। मैं मामले की जांच करवाता हूं। गुणवत्ता के साथ कार्य करवाया जाएगा।

-नवल अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी, रेल मंडल भोपाल।

### पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

# सूदखोरों ने किसान के मकान पर किया कब्जा, दी धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

तहसील क्षेत्र के ग्राम काछीखेड़ी निवासी एक किसान ने सूदखोरी और धमकियों से परेशान होकर पुलिस थाना सारंगपुर में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदक करीम खान एवं उनकी पत्नी रिहाना बी ने आरोप लगाया है कि गांव के सुबराती पिता रईस खां, यासीन मोहम्मद पिता मोती खा, अमजद खां पिता हमीद खां जितेन्द्र पिता नारायण सिह मुन्ना खां पिता हमीद खां सहित अन्य लोगों से आवश्यकता के समय उधार ली गई राशि का पूरा भुगतान करने के बावजूद उनसे अतिरिक्त धन की मांग की जा रही है। आवेदन के अनुसार, करीम खान ने पारिवारिक आर्थिक संकट के दौरान विभिन्न लोगों से लाखों रुपये उधार लिए थे। बाद में जमीन बेचकर सभी संबंधित व्यक्तियों को उनकी राशि लौटा दी गई। आवेदक का दावा है कि भुगतान गवाहों की मौजूदगी में किया गया था, इसके बावजूद संबंधित लोग अब अवैध रूप से और अधिक पैसे मांग रहे हैं। करीम खान ने आरोप लगाया कि अतिरिक्त राशि नहीं देने पर आरोपियों द्वारा उनके मकान पर कब्जा करने, रजिस्ट्री अपने नाम कराने तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों ने उनके और उनकी पत्नी के साथ विवाद एवं मारपीट की, जिसकी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है।

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि लगातार मिल रही धमकियों और दबाव के कारण उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन ने आवेदन प्राप्त कर लिया है। मामले की जांच के बाद ही आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

#### आवेदन प्राप्त हुआ है...

आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी जांच करा कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-राहुल रघुवंशी
थाना प्रभारी सारंगपुर

### लोक कल्याण मेला शिविर में हितग्राहियों को सौगातें

## ऋण व क्रेडिट कार्ड के आवेदन, पेंशन, संबल और आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर निकाय द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेला शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रोफाइलिंग कार्य के साथ क्रेडिट कार्ड एवं ऋण आवेदनों की प्रक्रिया संपन्न की गई। वहीं निकाय क्षेत्र के पेंशन, संबल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधकों ने पथ विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को क्रेडिट कार्ड के लाभ, समय पर ऋण भुगतान तथा डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हितग्राहियों से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की अपील भी की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कैलाशी बाई यादव, उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह तथा पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे दुकानदारों, ठेला संचालकों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। योजना से हजारों जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है कार्यक्रम में पार्षद रामकली बाई, निर्मल जाटव, प्रेम राजपूत, राधेश्याम गुप्ता, मुकेश यादव, लोकेन्द्र यादव और कमल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर परिषद के भूपेंद्र लोहिया, रामबाबू यादव, लोकेश जाधव, शाहीन कुरैशी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरित किए जाने पर जोर दिया।

# भगवान पार्श्वनाथ नवीन स्वर्ण कमलासन पर विराजमान, शोभायात्रा के साथ महोत्सव संपन्न

### श्रद्धालुओं और बच्चों ने आयोजन की भव्यता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के ऐतिहासिक एवं अतिशयकारी भगवान पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार को धार्मिक उल्लास श्रद्धा के साथ समापन हुआ। 20 से 22 जून तक चले महोत्सव में सहस्त्र वर्षीय श्री 1008 मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ सहित मंदिर में विराजमान प्राचीन जिनबिंबों को नवीन स्वर्णिम कमलासनों पर विधिवत प्रतिष्ठित किया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आठ आकर्षक बग्गियों में सौधर्म इंद्र, इंद्राणियां एवं अन्य दिव्य पात्रों के स्वरूप प्रस्तुत किए गए। धार्मिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं और बच्चों ने आयोजन की भव्यता बढ़ाई। बैंड-बाजों, जयघोषों और भक्ति संगीत के साथ निकली शोभायात्रा पार्श्वनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर अंबिका माता मंदिर, मंडाई, सदर बाजार एवं गांधी चौक से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महोत्सव के दौरान आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री अविचल सागर महाराज का नगर में मंगल प्रवेश भी हुआ। कीर्ति स्तंभ के समीप मुनि श्री प्रवर सागर महाराज एवं एलक अरह सागर महाराज ने उनकी अगवानी की। इसके पश्चात तीनों संतों के सान्निध्य में धर्मसभा आयोजित हुई।प रतिष्ठाचार्य पंडित भागचंद जैन शास्त्री (देवास) के निर्देशन में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान एवं हवन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मंदिर समिति के अनुसार लगभग एक दशक बाद हुए इस महोत्सव में वेदियों का जीर्णोद्धार कर नवीन स्वर्ण कमलासन स्थापित किए गए हैं, जिन पर अब जिनप्रतिमाएं अधिक दिव्य एवं आकर्षक स्वरूप में विराजमान हैं।

### समग्र शिक्षा अभियान की प्रगति की समीक्षा

## जीरापुर और सारंगपुर के समन्वयकों को दिए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड समन्वयकों, संकुल प्राचार्यों एवं जनशिक्षकों की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की है।

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों का पुनः विद्यालयों में प्रवेश तथा विभिन्न विभागीय सर्वे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा निर्देश दिए गए कि आगामी दो दिवस के भीतर नामांकन, पुस्तक वितरण, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों का पुनः प्रवेश, कक्षा 1 तथा कक्षा 6 से 9 तक के सर्वे कार्य एवं आंगनवाड़ी कोलोकेशन संबंधी प्रविष्टि कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यों की पुनः समीक्षा गुरुवार को की जाएगी। साथ ही प्रत्येक विकासखंड से ऐसे 10-10 शासकीय एवं अशासकीय प्राचार्य, प्रधानाध्यापक अथवा शाला प्रभारी, जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं है, उन्हें समीक्षा बैठक में उपस्थित कराने के निर्देश विकासखंड समन्वयकों को दिए गए। समीक्षा के दौरान कक्षा 1 में नामांकन की प्रगति गत वर्ष की तुलना में 70 प्रतिशत से कम पाए जाने पर विकासखंड समन्वयक जीरापुर का तीन दिवस एवं विकासखंड समन्वयक सारंगपुर का एक दिवस का वेतन काटने तथा संबंधित विकासखंड समन्वयकों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## माहेश्वरी समाज ने श्रद्धा और उत्साह से मनाई महेश नवमी

कुरावर। माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी (माहेश्वरी जयंती) का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के तहत समाज के लोगों ने नगर में शोभायात्रा निकालकर भगवान शिव के जयघोष लगाए। शोभायात्रा में महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने महेश नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव पुनः बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की। इस सूची में राजगढ़ जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष दिलवर यादव को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिलवर यादव के नाम की घोषणा होते ही जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके निवास पर पहुंचे और पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर दिलवर यादव ने कहा कि भाजपा में पद नहीं, बल्कि दायित्व होते हैं। संगठन जो भी जिम्मेदारी सौंपता है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को आमजन तक पहुंचाने तथा पार्टी के विस्तार के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए पार्टी सर्वोच्च है और संगठन के निर्देशों का पालन करना ही उनकी प्राथमिकता है। भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी क्षमता के अनुसार कार्य करने का अवसर मिलता है। गौरतलब है कि दिलवर यादव भाजपा के जिलाध्यक्ष रहने के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद में विभाग मंत्री का दायित्व भी निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। वे इससे पहले पिछली कार्यकारणी में भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी सहजता, मिलनसार व्यक्तित्व और संगठनात्मक क्षमता के कारण उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में जाना जाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल भी संगठन की दृष्टि से उल्लेखनीय माना जाता है।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा कर लौटे दंपति

### नगर आगमन पर भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर दयाल तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी प्रेमिला तिवारी ने कैलाश मानसरोवर की पवित्र एवं दुर्गम यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर घर वापसी की। दंपति के नगर आगमन पर भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। जैसे ही यात्री दंपति शिव चौक स्थित त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, वहां मौजूद परिजनों, इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने 'हर-हर महादेव' के जयकारों और बैंड-बाजों की मधुर धुन के साथ उनका अभिनंदन किया। दम्पत्ति के काठमांडू-तिब्बत मार्ग होते हुए कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा पूर्ण की। नगर आगमन पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने शिव चौक पर उनका जोरदार स्वागत किया। परिजनों ने दंपति को पुष्पमाला पहनाई, माथे पर तिलक लगाया और मुंह मीठा कराकर उनकी मंगलमय एवं सकुशल वापसी की कामना की। इसके बाद बैंड-बाजों के साथ जुलूस के रूप में उन्हें सम्मानपूर्वक घर तक ले जाया गया।

#### काठमांडू-तिब्बत मार्ग से पूरी की परिक्रमा

तिवारी दंपति ने बताया कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा बेहद कठिन है, लेकिन महादेव की कृपा से यह यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि हर सनातनी को जीवन में एक बार इस पवित्र यात्रा के दर्शन अवश्य करने चाहिए। वहां का अनुभव लगभग 250 किलोमीटर दूर तक पेड़ पौधे नहीं मिलते हैं तथा तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता है ऐसे में वहां पैदल यात्रा भी बहुत धीमी गति से होती है।

### आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने की मांग

# आवारा सांड राहगीरों पर कर रहे अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में विचरण कर रहे आवारा सांड एवं बेल आम राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। ये सांड कभी भी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकते हैं। नगर के व्यस्ततम 'इंदर चैराहा, बस स्टैंड, खिलचीपुर नाका, माचलपुर नाका' सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर आवारा सांड आपस में लड़ते रहते हैं। इनकी लड़ाई में राहगीर भी चपेट में आ जाते हैं। जब ये सांड आपस में भिड़ते हैं तो आम राहगीर स्तब्ध रह जाते हैं और यह निर्णय नहीं ले पाते कि क्या करें, इसी दौरान हादसे का शिकार हो जाते हैं। मंगलवार को नगर के जमाई कॉलोनी के आम रास्ते पर एक सांड ने अचानक दौड़कर पैदल जा रही एक बालिका पर अटैक कर दिया। बालिका को मार रहे सांड से आम राहगीरों ने दौड़कर भगाया। बालिका घबराहट में बेहोश हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पानी पिलाया और संभाला। दरअसल, इससे पहले भी कई बार राहगीर इनकी चपेट में आकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन आवारा सांडों का आतंक कम नहीं हुआ है।

#### नगर परिषद की उदासीनता

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद का इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है। लोगों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा जाए और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि हादसों को रोका जा सके।



#### कर रहे तैयारी...

नगर में घूम रहे आवारा सांड और बैल को शीघ्र ही बाहर भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**देवनारायण दांगी**, मुख्य नगर परिषद अधिकारी जीरापुर।

# मंडी शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारी, 1% से 1.50% किए गए शुल्क को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.50 प्रतिशत किए जाने के निर्णय का विदिशा में व्यापारियों ने विरोध जताया है।

अनाज तिलहन व्यापार उद्यान कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर बढ़ा हुआ मंडी शुल्क वापस लेकर इसे पुनः 1 प्रतिशत करने की मांग की। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, महामंत्री महेंद्र जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में किसान और व्यापारी दोनों बढ़ती लागत के दबाव से जूझ रहे हैं। डीजल, पेट्रोल, गैस, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मंडी शुल्क में 50 प्रतिशत की वृद्धि से कृषि व्यापार की लागत और बढ़ेगी, जिसका सीधा असर किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। ज्ञापन में मंडी बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। व्यापारियों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने के बावजूद मंडियों में सुविधाओं और व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि शुल्क वृद्धि से वैध व्यापार प्रभावित होने की आशंका है तथा मंडियों में व्यापारिक गतिविधियां भी कम हो सकती हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से किसान और व्यापारी हित में इस निर्णय पर पुनर्विचार कर मंडी शुल्क को पुनः 1% करने की मांग की है।



विदिशा। ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारी।